हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 10 फरवरी 2026

06 1.60 करोड़ रुपए से हो रहा कॉलेज चौक का...



07 नेटवर्क विहीन क्षेत्रों के शिक्षकों को ई-अटेंडेंस से मुक्त...





## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश के चलते मारपीट

**इटारसी।** सिटी थाना अंतर्गत नाला मोहल्ला में एक युवक के साथ दो लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहिद पिता इस्माइल शाह 27 वर्ष, निवासी ग्वालबाबा ने शिकायत दर्ज दर्ज करायी है कि यूनुस पिता भूरा शाह और इजरायल शाह ने पुरानी रंजिश को लेकर गालियां दीं और लड़की से मारपीट करके चोट पहुंचायी है।

### मानस कोकिला कृष्णादेवी मिश्र बिखेरेंगी ज्ञानवाणी



**नर्मदापुरम।** पं रामलाल शर्मा स्मृति समारोह समिति की बैठक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं भवानीशंकर शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस वर्ष 49वां स्मृति समारोह 9 से 13 मार्च 2026 तक सत्संग चौक, सेठानीघाट पर आयोजित होगा। भागलपुर से मानस कोकिला पूज्य कृष्णादेवी जी मिश्र प्रवचन देंगी। प्रतिदिन सायंकाल 7:30 बजे प्रवचन, पूर्व स्थानीय कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। 20 मार्च को शास नर्मदा महाविद्यालय में प्रातः 8:30 बजे पुण्य स्मरण सभा आयोजित होगी। बैठक में पं भवानीशंकर शर्मा, राकेश फौजदार, डॉ राजेन्द्र जैन समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

### संत रैदास जी महाराज की 649वीं जयंती समारोह

**इटारसी।** संत रैदास यूथ क्लब द्वारा काका कुटी मेरिज गार्डन, पुरानी इटारसी में संत शिरोमणि रैदास जी महाराज की 649वीं जयंती उत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और माल्यापर्ण से हुआ। आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पहार और सांस्कृतिक नृत्य से किया गया। कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं, सरकारी नौकरी प्राप्त युवाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लेने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। इस दौरान रैदास जी महाराज के जीवन पर शिक्षाओं और समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## सामाजिक समरसता व सनातन परंपरा का सशक्त संदेश

# छीतापुरा में 55 आदिवासी परिवारों की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

केसला ब्लॉक के छीतापुरा गांव में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का एक उल्लेखनीय उदाहरण सामने आया है। यहां 55 आदिवासी परिवारों ने सामूहिक रूप से सनातन परंपरा में घर वापसी कर समाज को एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया। इस अवसर पर ऊंच-नीच, भेदभाव और सामाजिक दूरी को त्यागकर आपसी सद्भाव के साथ रहने का संकल्प लिया गया, जिससे पूरे गांव में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना।

### धर्मांतरण की पृष्ठभूमि और संवाद से समाधान

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये परिवार पूर्व में ईसाई मत अपनाकर गांव में बने चर्च में नियमित रूप से जाने लगे थे। आदिवासी अंचलों में धर्मांतरण की बढ़ती गतिविधियों को लेकर लंबे समय से सामाजिक चर्चा चल रही थी। इसी संदर्भ में भीलट देव धाम के महंत गोविंददास ने छीतापुरा गांव पहुंचकर प्रभावित परिवारों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया। उन्होंने परिवारों की सामाजिक, धार्मिक और भावनात्मक चिंताओं को समझते हुए विश्वास बहाली की पहल की।

### रामकथा के माध्यम से सांस्कृतिक पुनर्जागरण

घर वापसी अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में पांच दिवसीय भव्य रामकथा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में संबंधित परिवारों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की। रामकथा के माध्यम से सनातन संस्कृति, परंपरा और जीवन मूल्यों पर संवाद हुआ, जिससे परिवारों का अपनी मूल आस्था से भावनात्मक जुड़ाव और अधिक मजबूत हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि इस आयोजन ने समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी विश्वास को बढ़ाया।



### महंत गोविंददास का पक्ष

भीलट देव धाम के महंत गोविंददास ने कहा कि आदिवासी अंचलों में धर्मांतरण एक गंभीर सामाजिक विषय बनता जा रहा है। इसका समाधान टकराव या दबाव नहीं, बल्कि संवाद, समझ और सांस्कृतिक जागरूकता से ही संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घर वापसी अभियान का उद्देश्य किसी पर दबाव बनाना नहीं, बल्कि लोगों को उनकी परंपरा, संस्कृति और मूल पहचान से जोड़ना है। यह अभियान आगे भी सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना के साथ जारी रहेगा।

### विधिवत घर वापसी और सामूहिक सहभागिता

रामकथा के समापन अवसर पर गंगा जल और नर्मदा जल का आचमन कराते हुए सभी 55 आदिवासी परिवारों की विधिवत घर वापसी कराई गई। इस अवसर पर सामूहिक कीर्तन, भजन और भोजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें पूरे गांव ने सहभागिता निभाई। आयोजकों ने इसे सामाजिक जीवन की एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

### गांव में बढ़ा भाईचारा और सामाजिक सौहार्द

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस पहल से छीतापुरा गांव में आपसी भाईचारा, विश्वास और सामाजिक सौहार्द मजबूत हुआ है। आयोजकों ने सभी वर्गों से अपील की कि वे भेदभाव और ऊंच-नीच को त्यागकर मिल-जुलकर रहें और गांव के सामूहिक विकास में योगदान दें। यह घटना क्षेत्र में सामाजिक समरसता की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम के रूप में देखी जा रही है।


## अंग्रेजी विषय के साथ होगा परीक्षा का श्रीगणेश 11,874 परीक्षार्थी होंगे शामिल

# आज से शुरू होगी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा, पहला पेपर अंग्रेजी का

कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से अंग्रेजी विषय के साथ शुरू हो रही हैं। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रश्नपत्र पहले ही पुलिस थानों में सुरक्षित पहुंचा दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की उल्टी गिनती समाप्त हो गई है। आज से परीक्षाओं का विधिवत शुभारंभ अंग्रेजी विषय के प्रश्नपत्र से किया जाएगा। परीक्षा को शांतिपूर्ण, नकल-रहित एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी के लिए विशेष मॉनिटरिंग टीमें



गठित की गई हैं। प्रश्नपत्र पहले ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संबंधित पुलिस थानों में सुरक्षित रूप से पहुंचा दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। परीक्षा को लेकर स्कूलों में चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच 12वीं का पेपर होगा। इसके लिए बोर्ड के निर्देशों और गोपनीयता बनाए रखने की बात कही गई है। केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष और कलेक्टर प्रतिनिधि बोर्ड परीक्षा के प्रमुख रहेंगे और स्कूलों में भी शौचालय, साफ सफाई ,पानी की व्यवस्था, सुरक्षा के इंतजाम सहित सभी व्यवस्थाएं रहेंगी। सुबह 6 बजे वीडियोग्राफी के साथ परीक्षा सामग्री थाने से ली जाएगी। कुल 78 केंद्रों पर परीक्षा होगी। 12वीं में स्वाध्याय और प्राइवेट मिलाकर कुल 11874 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### नर्मदापुरम जिले में 78 परीक्षा केंद्र

नर्मदापुरम संभाग के तीन जिलों नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल में कुल 238 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। नर्मदापुरम जिले में 78 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 3 केंद्र संवेदनशील एवं 8 केंद्र अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं।

### एप से होगी लाइव निगरानी

परीक्षा संचालन को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी कलेक्टर प्रतिनिधियों को माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल के मोबाइल एप से जोड़ा गया है। इसके माध्यम से बोर्ड द्वारा परीक्षा की सतत और लाइव निगरानी की जाएगी।

### संवेदनशील, अतिसंवेदनशील केन्द्रों पर मोबाइल जैमर

परीक्षा में नकल रोकने के लिए मण्डल ने संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर मोबाईल जैमर स्थापित करने का निर्णय लिया है। जिले के 30 संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगाएगी।

### 11 प्रेक्षक और 23 कलेक्टर प्रतिनिधि तैनात

जिले में परीक्षा की निगरानी के लिए 11 प्रेक्षकों की नियुक्ति की गई है। वहीं, माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर द्वारा प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी अधिकारियों में से 23 प्रेक्षक-कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा अवधि के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

### 11,874 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

नर्मदापुरम जिले में हायर सेकेंडरी परीक्षा के लिए कुल 11,874 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। नकल पर पूर्ण नियंत्रण रखने के उद्देश्य से जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर कलेक्टर प्रतिनिधि तैनात किए गए हैं।

### सुबह 8 बजे तक केंद्र पहुंचना अनिवार्य

परीक्षार्थियों को सुबह 8 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है।

## पुरानी रंजिश में जानलेवा हमला

# पिपरिया पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



थाना पिपरिया क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 08 फरवरी 2026 को फरियादी नवीन उर्फ कल्लू अहिरवार ने थाना पिपरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने चाचा के लड़के करण अहिरवार के साथ पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान आरोपी धर्मेन्द्र अहिरवार अपने घर के सामने खड़ा मिला, जिसने पुरानी रंजिश को लेकर दोनों के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर जब करण अहिरवार ने नवीन को वहां से चलने के लिए कहा, तो आरोपी धर्मेन्द्र अहिरवार अपने घर से लोहे का धारदार बका लेकर आया और करण अहिरवार के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। बीच-बचाव करने आए नवीन उर्फ कल्लू का आरोपी ने गला भी पकड़ लिया।फरियादी की रिपोर्ट पर थाना पिपरिया में अपराध क्रमांक 66/2026, धारा 109(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस थोटा के मार्गदर्शन एवं एएसपी अभिषेक राजन के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी धर्मेन्द्र अहिरवार पिता लखनलाल अहिरवार, उम्र 34 वर्ष, निवासी गांधी वार्ड, अयोध्या बस्ती, पिपरियाको गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का धारदार बका जब्त किया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी, उनि. राजेन्द्र सिंह कुशवाहा, मानिक सिंह बट्टी, प्रआर अरुण जुदेव, पूनम चौधरी, ललित हर्णे, मोहसीन खान, अतुल विश्वकर्मा शामिल रहे।

# 60 दंपत्तियों ने श्री वेदी प्रतिष्ठा वेदीसूत्र अनुष्ठान में की सहभागिता

## तिलक महा महोत्सव एवं सम्मान समारोह के साथ संपन्न हुआ जैन समाज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर तारण तरण जैन समाज का तीन दिवसीय श्री वेदी प्रतिष्ठा आयोजन सोमवार को संपन्न हुआ। इस अवसर पर वेदी सूतन, तिलक महा महोत्सव एवं सम्मान समारोह किया गया। सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन ने बताया कि सोमवार सुबह लगभग 11 बजे शासकीय कन्या शाला के पीछे स्थित मेला परिसर से ग्रंथों का चल समारोह निकाला गया। जिसमें 60 से अधिक वे जोड़े ड्रेस कोड में सम्मिलित हुए, जिन्हें वेदी प्रतिष्ठा में यजमान की भूमिका निभानी थी। सभी दंपतियों ने पीले वस्त्रों का ड्रेसकोड पहना था। साथ ही गठजोड़ बंधन के साथ चल समारोह निकाला गया। मुख्य बाजार से होते हुए चल समारोह जैन समाज के चैत्यालय



पहुंचा। जहां भभी जोड़ों सहित अन्य लोगों ने वेदी सूतन धार्मिक प्रसंग कार्य में सहभागिता की। वेदी सूतन कार्य में जो भी लोग यजमान की भूमिका में थे, उन सभी ने दिवस का व्रत धारण किया। सभी ने वेदी सूतन उपरांत आहार प्राप्त किया। दोपहर उपरांत जैन मुनि बसंत जी महाराज के सानिध्य में तिलक महा महोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किये गए।

### बनेगा संत तारण तरण द्वार:विजयपाल

मेला परिसर में विधायक विजयपाल सिंह भी समापन समारोह में उपस्थित हुए। इस दौरान सोहागपुर जैन समाज को विधायक ने श्री वेदी प्रतिष्ठा के अद्भुत व अद्वितीय आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयोजन ने सोहागपुर की भूमि को पुण्यता प्रदान की है। उन्होंने घोषणा की है कि सोहागपुर शहर में संत तारण तरण द्वार बनाया जाएगा व द्वार के समीप स्थित मार्ग का नामकरण भी पूज्य संत के नाम पर किया जाएगा। समस्त क्षेत्रवासियों ने इस पुण्यदायी आयोजन के लिए सोहागपुर जैन समाज को बधाई दी है एवं आभार व्यक्त किया है।

# महावीर जैन बने रोटरी क्लब के सहायक मंडलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



रणथम्बोर, राजस्थान में रोटरी क्लब इंटरनेशनल के मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट 3040 के आगामी वर्ष 2026-27 के लिए गठन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब रॉयल नर्मदापुरम के रोटेरियन महावीर जैन को आगामी मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठरी द्वारा सहायक मंडलाध्यक्ष (असिस्टेंट गवर्नर) नियुक्त किया गया और उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया। महावीर जैन को यह जिम्मेदारी उनके सामाजिक सेवा कार्यों के दृष्टिगत दी गई है। उनका कार्यक्षेत्र नर्मदापुरम, हरदा और इटारसी रहेगा।इस उपलब्धि पर रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल के अध्यक्ष अनुपम दुबे, सचिव प्रशांत नागर, और अन्य सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और मंडलाध्यक्ष संस्कार कोठरी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश और अन्य राज्यों के रोटेरियंस की उपस्थिति रही।

# शहरी आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले की शहरी आशा कार्यकर्ताओं को नवंबर माह में केवल 33 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई थी। इसके बाद से नवंबर माह की शेष 67 प्रतिशत राशि तथा दिसंबर और जनवरी माह की पूरी प्रोत्साहन राशि अब तक नहीं मिली है। राशि न मिलने के कारण आशा कार्यकर्ताओं को बच्चों की परीक्षा फीस, आने-जाने एवं अन्य आवश्यक खर्चों में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आशा कार्यकर्ताओं ने शीघ्र प्रोत्साहन राशि जारी करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में उन्होंने सीएम एचओ क़ो लिखित ज्ञापन सौंपा हैं।

## जांच रिपोर्ट के बाद बढ़ी सतर्कता बरतने की विशेषज्ञों की सलाह

# गांव के बोरवेल में तापमान और गुणवत्ता में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कभी-कभी जमीन के नीचे होने वाले प्राकृतिक बदलाव अचानक सामने आ जाते हैं। ऐसा ही एक मामला इटारसी के पास ग्राम सोमलवाड़ाखुर्द में देखने को मिला है, जहां एक बोरवेल से सामान्य से अधिक तापमान वाला पानी निकल रहा है। जांच रिपोर्ट के बाद विशेषज्ञों ने एहतियात बरतने की बात कही है।



समीपस्थ ग्राम सोमलवाड़ाखुर्द में एक पुराने बोरवेल से गर्म पानी निकलने का मामला सामने आया है, जिसे लेकर ग्रामीणों में जिज्ञासा के साथ-साथ सतर्कता भी बढ़ गई है। लगभग 25 वर्ष पुराने इस नलकूप से बीते एक माह से सामान्य से अधिक तापमान वाला पानी निकल रहा है।ग्रामीण आकाश महालहा के अनुसार, पानी का तापमान अधिक होने के कारण घरेलू उपयोग के लिए ठंडा पानी मिलाना पड़ रहा है। पीने के लिए फिलहाल पड़ोसियों के पानी पर निर्भर रहना पड़ रहा है।पानी की गुणवत्ता जांच के लिए लैब परीक्षण कराया गया, जिसमें pH स्तर 5.90, हार्डनेस 600 पीपीएम और टीडीएस 545 पाया गया। जल विशेषज्ञों का कहना है कि ये आंकड़े सामान्य सीमा से अधिक हैं और लंबे समय तक इस पानी के उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हो सकती हैं।जल विशेषज्ञ मुकेश राजेन्द्र प्रसाद के अनुसार, जमीन के भीतर कुछ खनिज तत्वों की अधिकता के कारण पानी का तापमान बढ़ सकता है। उन्होंने सलाह दी है कि जब तक विस्तृत जांच न हो जाए, तब तक इस बोरवेल के पानी का नियमित उपयोग न किया जाए।ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के अन्य बोरवेल का पानी सामान्य है। प्रशासन और जल विभाग से मामले की विस्तृत जांच की मांग की जा रही है।

# काट रहे हैं कुत्ते, जवाब में बैनर-पोस्टर

## नर्मदापुरम नपा की अनोखी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर की गलियों और सड़कों पर आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। रोज कहीं न कहीं कुत्तों के काटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन नर्मदापुरम नगरपालिका की तैयारी सिर्फ बैनर-पोस्टर तक सिमट कर रह गई है। यानी जमीन पर कुत्ते दौड़ रहे हैं और दफ्तरों में योजनाएं। शासन के निर्देश के बाद नपा के अलर्ट मोड में आने के दावे किए जा रहे हैं, मगर हकीकत यह है कि चौक-चौराहों पर चेतावनी वाले बैनर टांग दिए गए हैं और स्कूलों की दीवारों पर पंपलेट चिपका दिए गए हैं। सवाल यह उठता है कि क्या पोस्टर देखकर आवारा कुत्ते खुद ही शहर छोड़ देंगे?



नगरपालिका का कहना है कि टीम गठित कर दी गई है, नोडल अधिकारी बना दिए गए हैं और डॉग कैचर वाहन भी तैयार हैं। लेकिन वार्डों में हालात जस के तस हैं। नागरिकों का आरोप है कि नपा कागजी कार्रवाई और फोटो सेशन में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं । इसका उदाहरण पिछले दिनों हुई कुत्ते के काटने की घटनाओं से समझा जा सकता हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति स्कूलों और रिहायशी इलाकों की है, जहां बच्चों और बुजुर्गों को हर दिन डर के साए में बाहर निकलना पड़ रहा है। पोस्टर देख आम लोगों का साफ कहना है कि जब तक सख्त और निरंतर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक नपा का यह जागरूकता अभियान महज औपचारिकता बनकर रह जाएगा।

### डॉग कैचर वाहन तैयार

नपा ने इस अभियान के लिए विशेष टीम का गठन किया है, जिसमें स्वच्छता निरीक्षक, राजस्व शाखा और सुपरवाइजर्स शामिल हैं। टीम वार्डों और मोहल्लों में जाकर नागरिकों को आवारा कुत्तों से सावधान रहने की हिदायत दे रही है। इसके साथ ही डॉग कैचर वाहन भी तैयार किए गए है।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्रम योगी मान-धन योजना में ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**सारनी।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत नगरपालिका क्षेत्र में पंजीयन का कार्य ऑनलाईन माध्यम से प्रारंभ हो गया है। इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन की पात्रता होगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना के तहत ऑनलाइन आधार से पंजीयन प्रारंभ कर दिए गए हैं। डे-एनयूएलएम शाखा नोडल अधिकारी केके भावसार, प्रभारी रंजीत डोंगरे ने बताया कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक केंद्रीय पेंशन योजना है। योजना में 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग वाले, 15 हजार रूपए से कम मासिक आय वाले श्रमिकों को 60 वर्ष के बाद मासिक पेंशन पाएंगे। इसके लिए श्रमिक प्रतिमाह न्यूनतम अनुदान/योगदान देना होगा। योजना में 50 फीसदी अनुदान केंद्र सरकार द्वारा भी दिया जाएगा। योजना में जैसे रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा चालक, घरेलू कामगार सहित अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिक पंजीयन करा सकते हैं।

### अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई

**बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशों के पालन में खनिज विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण एवं सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 9 फरवरी को खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा तहसील बैतूल अंतर्गत ग्राम उड़दन-साकादेही के समीप खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए डम्पर को जब्त किया गया।

### खत्म होगा यातायात का दबाव, जाम से मिलेगी राहत

# 1.60 करोड़ रुपए से हो रहा कॉलेज चौक का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के सबसे व्यस्त कॉलेज चौक पर लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम और अव्यवस्थित आवागमन की समस्या से अब लोगों को जल्द ही निजात मिलने वाली है।

कॉलेज चौक पर सडक़ चौड़ीकरण और सौंदयीकारण का कार्य शुरू हो गया है। फिलहाल पुलिया निर्माण की जा रही है। इसके बाद कॉलेज चौक के सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण का कार्य किया जायेगा। बताया जा रहा है कि यह शहर का पहला ऐसा चौराहा होगा, जिसे विशेष तकनीकी डिजाइन के आधार पर विकसित किया जा रहा है, जिससे चौराहे से गुजरने वाले वाहनों का दबाव काफी हद तक समाप्त हो जाएगा। कॉलेज चौक के लिए तैयार की डाइंग और डिजाइन के अनुसार चौराहे के चारों मार्गों पर लेफ्ट टर्न के लिए अलग-अलग पासिंग मार्ग बनाए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद वाहन चालकों को बीच चौराहे में प्रवेश कर टर्न लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेफ्ट टर्न करने वाले वाहन सीधे बगल से निकल जाएंगे, जबकि केवल सीधे जाने वाले वाहन ही चौराहे के मध्य भाग से गुजरेंगे। इससे चौराहे पर वाहनों का जमा कम होगा और जाम जैसी स्थिति से राहत मिलेगी।

#### यातायात को ध्यान में रखते हुए चौड़ीकरण

कॉलेज चौक पर यातायात के दबाव को ध्यान में रखते हुए चौक का चौड़ीकरण किया जा रहा है। यहां मौजूद पुरानी पुलिया को हटाकर उसकी जगह 36 मीटर लंबी सीसी पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। पुलिया 4 बाय 2 साइज साइज की बनाई जा रही है। जिसमें 4 फीट चौड़ाई और 2 मीटर ऊंचाई निर्धारित की गई है। पुलिया निर्माण से बरसात के मौसम में जल निकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान होगा। कॉलेज चौक के चौड़ीकरण और सौदयीकरण पर कुल लगभग 1.60 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस राशि में पुलिया निर्माण के साथ-साथ चौराहे से जुड़ी चारों सडक़ों पर 25 से 30 मीटर लंबाई तक रोड वाइडिंग का कार्य शामिल है।

#### पैदल यात्रियों के लिए 5 फीट चौड़ा रहेगा फुटपाथ

कॉलेज चौक पर चौराहे का सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण के साथ-साथ पैदल यात्रियों की सुविधा पर भी विशेष ध्यान दिया है। यहां पैदल यात्रियों के लिए 5 फीट चौड़े फुटपाथ का निर्माण भी किया जायेगा। जिससे कि पैदल चलने वाले यात्रियों को वाहनों के बीच से गुजरना न पड़े। इससे चौराहे पर हादसे का अंदेशा भी कम हो जायेगा। बताया गया कि फिलहाल पाइप लाइन शिफ्टिंग के बाद अब पुलिया का निर्माण करेगे। इसके बाद कॉलेज चौक के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण पर कार्य होगा। अभी पाइप लाइन शिफ्टिंग और पुलिया निर्माण के लिए सडक़ को डायवर्ट कर दिया है। जिससे वर्तमान में कॉलेज चौक से गंज वाले वाले वाहनों की आवाजाही चालू है।

#### कॉलेज चौक पर ट्रैफिक सिग्गल लगाने का भी प्रस्ताव

बताया जा रहा है कि कॉलेज चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने का भी प्रस्ताव रखा गया है, जिससे आवागमन और अधिक सुचारू किया जा सके। बता दे कि इस चौराहे से रोजाना बड़ी संख्या में यात्री सारणी, आमला आदि क्षेत्रों के लिए बस में सवार होते है। वहीं शहर के व्यस्ततम चौराहा होने के कारण लंबे समय से कॉलेज चौक के सौंदर्यीकरण की मांग उठ रही थी। जिसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की पहल पर इस चौक के सौंदर्यीकरण के लिए करीब सवा करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से इस चौक पर विभिन्न कार्य कराए जाने है। निर्माण पूरा होने के बाद कॉलेज चौक का स्वरूप ही पूरी तरह से बदल जायेगा और लोगों को अच्छे आवागमन की सुविधा मिलने के साथ-साथ बार-बार जाम की स्थिति से निजात मिलेगी।

**काम चल रहा है**

कॉलेज चौक पर पुलिया निर्माण के लिए कार्य चल रहा है। इसके बाद चौक के चौड़ीकरण और सौदर्यीकरण का काम शुरू होगा। यह कार्य करीब 1.60 करोड़ की लागत से होना है।

**- सतीश मटसेनिया**, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

### पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

## गन्ने को समेट रहे मजदूर को ट्रक ने रौदा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




परतापुर के पास फोरलेन पर सोमवार को सडक़ हादसा हादसे में मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान थावड़ी निवासी मनीष कुमरे (36) के रूप में हुई है। हादसे के वक्त मजदूर खेत के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भर रहा था। जानकारी के अनुसार, किसान के खेत के पास सडक़ किनारे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी।

मजदूर उसमें गन्ना भर रहे थे। इसी दौरान नागपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर ट्रॉली के पास काम कर रहे मनीष कुमरे को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मनीष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया। हालांकि, आसपास मौजूद मजदूरों ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रक का पीछा किया और उसे सापना के पास पकड़ लिया। सूचना मिलने पर बैतूल बाजार थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे जिला अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस ने ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैतूल बाजार टीआई अंजना धुर्वे ने बताया कि ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही से वाहन चलाकर यह हादसा किया है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## वार्ड 29 में शिविर का आयोजन योजनाओं के 10 आवेदन आए




**सारनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत बुधवार 9 फरवरी को वार्ड 29 में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न योजनाओं के 10 आवेदन आए। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 12 जनवरी से 15 फरवरी तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को वार्ड 29 में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, वार्ड पार्षद कविता राजेश पटैया, शिविर प्रभारी जी.एस पांडे, संतोष सोनारिया, चंद्रमणि सोनी, राकेश सोनी, निराकार सागर, सुनील कसरादे उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 10 आवेदन प्राप्त हुए। इनका त्वरित निराकरण कराया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के. मेश्राम ने बताया कि लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने, उन्हें इनका लाभ प्रदान करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं।

### कलेक्टर-एसपी ने वार्डो का किया निरीक्षण

## आपातकालीन वाहनों के मार्ग में बाधा बनने वाले अवैध निर्माण हटाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आपात स्थिति में एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं अन्य आपातकालीन वाहनों के निर्बाध आवागमन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी एवं पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने सोमवार को बैतूल नगर के तिलक, आजाद तथा आर्यपुरा वार्ड का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका के अमले के साथ वार्डों का पैदल भ्रमण कर मार्गों की वास्तविक स्थिति का जायज़ा लिया। इस दौरान आपातकालीन वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले अवैध निर्माण, मार्ग पर स्थापित हैंडपंप, बिजली के पोल, खुली नालियां एवं अतिक्रमण का मौके पर अवलोकन किया गया। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने नगर पालिका के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सडक़ की चौड़ाई को प्रभावित करने वाले सभी अवैध निर्माण शीघ्र हटाए जाएं। उन्होंने कहा कि मार्गों पर लगे हैंडपंप एवं विद्युत पोल को सुव्यवस्थित करते हुए आवश्यकतानुसार शिफ्ट किया जाए, ताकि किसी भी स्थिति में आपातकालीन सेवाओं को विलंब न हो। साथ ही खुली नालियों को सुरक्षित रूप से मजबूती से ढंकने के निर्देश दिए गए, जिससे वाहनों का आवागमन बाधित न हो। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संबंधित वार्डों में संचालित दुकानों के संचालकों को भी समझाइश देने के निर्देश दिए कि वे दुकान का सामान सडक़ या मार्ग पर न रखें। उन्होंने कहा कि मार्गो पर अतिक्रमण न केवल यातायात में बाधा बनता है, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में जान-माल के लिए भी खतरा उत्पन्न करता है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बैतूल डॉ. अभिजीत सिंह, एसडीओपी बैतूल सुनील लाटा, तहसीलदार पूनम साहु, सहायक यंत्री नगर पालिका नीरज धुर्वे, थाना प्रभारी कोतवाली सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष ने किया बुजुर्गों का सम्मान

## छह बुजुर्ग द्वारिका और सोमनाथ की यात्रा के लिए रवाना



**सारनी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत नगर पालिका क्षेत्र के 6 बुजुर्गों का चयन द्वारिका एवं सोमनाथ की यात्रा के लिए हुआ है। सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में बुजुर्गों का सम्मान कर उन्हें बैतूल रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत निकाय क्षेत्र के बुजुर्गों के आवेदन प्राप्त हुए थे। द्वारिका एवं सोमनाथ की यात्रा हेतु 6 बुजुर्गों का चयन हुआ। योजना शाखा प्रभारी जी.एस. पांडे ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, योजना शाखा के सभापति भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, पार्षद प्रवीण सोनी, अनिता बेलवंशी की उपस्थिति में बुजुर्गों का सम्मान किया गया। उन्हें माला पहनाकर श्रीफल से सम्मानित किया गया। बुजुर्गों को निजी वाहन से नगरपालिका द्वारा बैतूल रेलवे स्टेशन तक पहुंचाया गया। इनमें वार्ड 1 की रामकली कुशवाह, मोहन खंडाग्रे, वार्ड 34 की अनुसुईया, वार्ड 2 की कौशल्या खंडाग्रे, वार्ड 23 की चंद्रकला और वार्ड 20 की भुलंका शामिल हैं। इस अवसर पर रामराज यादव, संदीप झपाटे, बबलू वामनकर, अमर राना, चंद्रकला पाल, मुरारी यादव, पप्पी अश्वारे, संतोष घोटे, लक्ष्मण पंडाग्रे, घनश्याम काले समेत नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## परीक्षा केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाएं रहें: कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी

### परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा, शांतिपूर्ण व सफल आयोजन के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी निर्धारित 127 परीक्षा केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जाए। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी के साथ निरंतर संपर्क में रहने के निर्देश दिए गए। साथ ही एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों से समन्वय कर प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस बल की भी तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संवेदनशील केंद्रों पर आवश्यक सतर्कता बरती जाएं। जिला स्तर के साथ विकासखंड स्तर पर भी कंट्रोल रूम को सक्रिय किया जाएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने यह भी कहा कि परीक्षा की गोपनीय सामग्री समय पर और पूरी सुरक्षा के साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाई जाए। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं एवं समसामयिक विषयों की विभागवार समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांतरण, बटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। अभियान के अंतर्गत सभी जनपद सीईओ को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पीएम श्रम योगी मानधन योजना के तहत सभी जिला अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों का अधिक से अधिक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही आईटीआई अंतर्गत भूमि आवंटन के संबंध में वन विभाग को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सीईओ जिला सहकारी बैंक को पैक्स समितियों के शत-प्रतिशत कंप्यूटराइजेशन कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

#### सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग कर संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदारों से चर्चा कर भी शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने 7वीं लघु सिंचाई गणना की समीक्षा कर कार्य शीघ्र पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैतूल को फायर स्टेशन के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

## उत्कृष्ट व मॉडल स्कूलों की प्रवेश परीक्षा में 307 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित



**बैतूल।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय, मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय विद्यालय की संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए जिले भर में 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें बैतूल जिला मुख्यालय पर 12 केंद्रों एवं ब्लॉक मुख्यालयों मुलताई, भैंसदेही, आमला, चिचोली, शाहपुर और घोड़ाडोंगरी में परीक्षा आयोजित की। इस परीक्षा में कुल 4296 विद्यार्थियों को शामिल होना था, लेकिन इनमें से 307 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। श्रमोदय विद्यालय के लिए 35 विद्यार्थियों को शामिल होना था, लेकिन इनमें से 7 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक किया गया। संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल में कक्षा 9वीं तथा जिले के तीन मॉडल स्कूलों घोड़ाडोंगरी, शाहपुर और भीमपुर में प्रवेश के लिए आयोजित की थी। उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल में कक्षा 9वीं के लिए कुल 240 सीटें निर्धारित हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

## शिवज्योतिर्लिंग की झांकी सजाकर दिया परमात्म अवतरण का संदेश

**बैतूल/सारनी।** ब्रह्माकुमारीज के सारनी सेवा केंद्र द्वारा आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर के उपलक्ष में शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें सारनी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में शोभायात्रा, कलश यात्रा एवं झांकी के माध्यम से शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताया जाएगा। इसी कड़ी में ग्राम सलैया, छुरी में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें शिव भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग को चार पहिया वाहन के ऊपर रथ सजा कर स्थापित किया गया तथा साथ ही नंदीगण को भी सजाया गया। यह यात्रा छुरी के खेड़ापति शिव मंदिर से शुरू होकर छुरी, सलैया का चक्र लगाकर बागडोना पहुंची। जिसमें ब्रह्मकुमारीज के सारणी क्षेत्र के अनुयायियों ने हिस्सा लेकर जन मानस को पर्चों और अनाउंसमेंट के माध्यम से शिव संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी सारणी की प्रमुख ब्रह्माकुमारी सुनीता दीदी ने बताया की ब्रह्मकुमारीज में हर वर्ष शिवरात्रि पर्व को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है तथा यह वर्ष ब्रह्मा कुमारीज में नव दशकोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है, क्योंकि परमात्मा शिव द्वारा रचित इस विश्वविद्यालय को अपनी सेवाएं करते हुए 90 वर्ष हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि ब्रह्माकुमारीज में मुख्य रूप से राजयोग का प्रशिक्षण दिया जाता है जिसके द्वारा परमात्मा शिव का सत्य परिचय प्राप्त कर उस से संबंध स्थापित करना सहज हो जाता है। प्रतिदिन राजयोग का अभ्यास करने से जीवन में कई आध्यात्मिक शक्तियों और गुणों का विकास होता है। इस राजयोग का प्रशिक्षण ब्रह्माकुमारी विद्यालय में आकर कोई भी निशुल्क प्राप्त कर सकता है।



### बुजुर्ग पिता को न्याय दिलाने एसपी ऑफिस पहुंचे सेम वर्मा

# 30 एकड़ का मालिक पिता दर-दर भटक रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

30 एकड़ जमीन का मालिक और पांच लडक़ों के पिता ने कभी नहीं सोचा था कि उसे बुढ़ापे में दाने-दाने को मोहताज होना पड़ेगा और उसकी ही संतानें उसकी जान की दुश्मन बन जाएंगी, लेकिन ऐसा ही कुछ देखना पड़ रहा है। बैतूल जिले के आमला के ससुंद्रा गांव के भद्दू धाकड़ को, आज सोमवार की सुबह बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा इस बुजुर्ग को लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे और दोषी बच्चों के खिलाफ कार्रवाई और जमीन से बेदखल कर वापस जमीन पिता को दिलाने की मांग की। एसपी ने भी तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। इस दौरान बुजुर्ग भद्दू ने सभी को अपनी प्रताडऩा की दर्दभरी कहानी सुनाई। एक समय ससुन्द्रा गांव के पटेल कहलाने वाले भद्दू जब बुजुर्ग हुए तो बेटों ने खेती संभाली। लेकिन यहीं से उनकी दुर्दशा आरंभ हुई। शादी होने के बाद बच्चों ने उन्हें प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। अपनी कहानी बताते हुए बुजुर्ग भद्दू की आंखों में गुस्सा और आंसू एक साथ आते हैं। वे बताते हैं कि बच्चों ने विशेषकर दोनों बड़े लडक़ों ने उन्हें बहुत मारा और जान से मारने की कोशिश की। कई कई दिन तक वे कमरे में बंद रखते थे। उनकी पत्नी को भी प्रताड़ित करते हैं अब वह लकवे का शिकार है। इस पूरे मामले की शिकायत उन्होने आमला थाने से लेकर, कलेक्टर-एसपी और मुख्यमंत्री तक की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एसडीएम आमला ने जरूर एक-एक हजार रूपये प्रति माह भरण-पोषण देने का आदेश पांचों बच्चों को दिया। लेकिन किसी ने कभी कोई पैसा नहीं दिया। एसडीएम ने थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए लिखा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।





**बालाजीपुरम देगा बुजुर्ग का साथ**

*बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा सोमवार को बुजुर्ग को साथ लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सुनील व्दिवेदी, बलवंत धोटे, बबलू खुराना, अशोक देशमुख, राज बाघमारा आदि थे। लंबे समय से बुजुर्ग की निशुल्क सहायता करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक पाल और श्रेयांस पाल भी थे। श्री वर्मा ने बताया कि बुजुर्ग बालाजी के दरबार अपनी अर्जी लेकर आया था। वृंदावन से फूलवती माता की घर वापसी से वह प्रभावित था। इसलिए बालाजीपुरम परिवार उसको हर हाल में न्याय दिलाएगा। एसपी वीरेंद्र जैन ने थाना प्रभारी आमला को दोषी लडक़ों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं।*

**खबर संक्षेप**

## नर्मदापुरम-उज्जैन के बीच निर्णायक मुकाबला शुरू

**नर्मदापुरम।** महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी सीनियर डिवीजन अंतर संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का निर्णायक मुकाबला नर्मदापुरम और उज्जैन संभाग के बीच एमपीसीए मैदान में शुरू हुआ। टॉस जीतकर उज्जैन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल समाप्त होने तक 6 विकेट पर 353 रन बनाए। पार्थ साहनी (86), शांतनु रघुवंशी (81), अंकुर चौहान (67) और अर्पित पटेल (58) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। नर्मदापुरम की ओर से आर्यन देशमुख, विधान दुबे और रित्विक दीवान ने दो-दो विकेट लिए। दोनों टीमों के लिए यह मैच अंक तालिका की दृष्टि से बेहद अहम है। मैच से पूर्व दिवंगत खिलाड़ी सागर यादव को श्रद्धांजलि दी गई।

## आजीवन सहयोग निधि के लिए प्रभारी नियुक्त



**इटारसी।** 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को भाजपा द्वारा समर्पण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी द्वारा आजीवन सहयोग निधि कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिले के निर्देशानुसार भाजपा नगर मंडल इटारसी में कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए प्रभारी एवं सहप्रभारी की नियुक्ति की गई है। जिला नेतृत्व के निर्देश पर वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद जसबीर सिंह छाबड़ा को प्रभारी तथा मंडल कोषाध्यक्ष संजय राय चौधरी को सहप्रभारी बनाया गया है। नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ तय की गई हैं, जिससे अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं व नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

## बाल विवाह रोकने अभियान में सफलता

नर्मदापुरम। बाल विवाह के विरुद्ध 27 नवंबर से 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो 8 मार्च 2026 तक रहेगा। अभियान के तहत पंचायत व वार्ड स्तर पर गतिविधियाँ हो रही हैं। नर्मदापुरम, बैतूल व हरदा जिलों में अब तक 123 कार्यक्रम आयोजित कर एक बाल विवाह रोका गया।

### नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल ने सोहागपुर नप को दी संपत्तियों की लोकेशन

# शहर में 208 संपत्तियों की जियो टैगिंग बाकी, चार माह से पेंडिंग पड़ी टैगिंग

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा समूचे प्रदेश में संपत्ति कर की वसूली के लिए जियो टैगिंग का सहारा लिया जा रहा है। लेकिन शहर सोहागपुर में यह काम प्रभावित है। क्योंकि शहर में अभी भी 200 से अधिक निजी संपत्तियों की जियो टैगिंग बाकी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर परिषद कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जियो टैगिंग प्रक्रिया अंतर्गत मप्र में निजी संपत्तियों की जियो टैगिंग जारी है। क्योंकि ई-प्रक्रिया के माध्यम से अब समूचे मध्य प्रदेश में निजी संपत्तियों की जियो टैगिंग जानी है। टैगिंग के माध्यम से प्रदेश में निजी संपत्तियों के वास्तविक क्षेत्रफल का डाटा प्राप्त होगा। वहीं निजी संपत्तियों के वास्तविक क्षेत्रफल के आधार पर प्रॉपर्टी टैक्स निर्धारण में भी निकायों को सुविधा होगी। लेकिन फिलहाल सोहागपुर शहरी क्षेत्र में निजी संपत्तियों की टैगिंग नहीं हो पाई है एवं कार्य में देरी हो रही है। क्योंकि 208 संपत्तियों की जियो टैगिंग बाकी है। जिनकी टैगिंग पूर्ण करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल ने कई बार सोहागपुर नप को दिये हैं। लेकिन कार्य अभी भी अपूर्ण है। बताया जाता है कि नप सोहागपुर क्षेत्र में जीआईएस में 208 संपत्तियों की अपलोडिंग चार महीने से पेंडिंग हैं।

### अपलोड हुई 6300 संपत्तियां

मामले में हरिभूमि संवाददाता ने सोहागपुर नगर परिषद कार्यालय स्थित ई-नप प्रोजेक्ट सेक्शन से डाटा जुटाया। सेक्शन कर्मी चंदन सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार शहरी क्षेत्र में लगभग 6500 निजी संपत्तियां हैं। जिनकी जियो टैगिंग का कार्य पिछले चार वर्षों से जारी है। तथा इन चार वर्षों में 6300 निजी संपत्तियों का सर्वे हो चुका है। साथ ही इनकी जियो टैगिंग भी हो चुकी है। बस 208 निजी संपत्तियों की टैगिंग अभी शेष है। जिसके लिये तीव्र प्रयास जारी हैं, लेकिन कुछ व्यवहारिक समस्याओं के कारण टैगिंग काम पिछड़ा हुआ है।

### एप्रोच है मुश्किल

हरिभूमि से चर्चा में सोहागपुर नप राजस्व प्रभारी संजय परसाई तथा ई-नप प्रोजेक्ट कर्मी चंदन सिंह ने बताया कि शहर में जिन 208 संपत्तियों की जियो टैगिंग शेष है, वे सभी संपत्तियां शहरी क्षेत्र से दूर हैं। उनकी दूरी नगर परिषद कार्यालय से 2.5 किमी या इससे अधिक है। ये अधिकतर निजी संपत्तियां टीलों पर अथवा पलकमती नदी के दूसरी ओर हैं। अथवा ये संपत्तियां खेतों के बीच में हैं। जहां तक नपकर्मियों की एप्रोच नहीं बन पा रही है। फिर भी नगर परिषद के कर्मचारी प्रयासरत हैं कि नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल के निर्देशानुसार शेष संपत्तियों की जियो टैगिंग भी शीघ्र पूर्ण हो।

### व्यस्त वार्ड प्रभारी

नप सोहागपुर सूत्र बताते हैं कि इन दूरस्थ संपत्तियों की जियो टैगिंग में वार्ड प्रभारी साथ नहीं दे पा रहे हैं। बताया जाता है कि सभी वार्ड प्रभारी एसआईआर प्रक्रिया सहित अन्य विभागीय कामों में व्यस्त हैं। जिसके कारण संपत्तियों का सर्वे प्रभावित है। संजय परसाई ने सवाल पूछे जाने पर कहा कि वार्ड प्रभारियों के साथ मिलकर काम पूर्ण किया जाएगा। ई-नप प्रोजेक्ट एक्जीक्यूटिव चंदन सिंह ने कहा कि टैगिंग से शेष संपत्तियों का सर्वे अनिवार्य रूप से किया जाना है। इस लक्ष्य को मार्च 2026 तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा दिये गए हैं।

## सफलता: ट्रेन में चोरी करने वाले शातिर बदमाश गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जीआरपी इटारसी को ट्रेन में चोरी करने वाले शातिर बदमाश को पकड़ने में सफलता मिली है। आरोपी पंजाब मेल एक्सप्रेस में सो रही महिला यात्री का पिट्ठू बैग चोरी होने की घटना में रुपये और कीमती मूल्य का सामान बरामद किया। मामला 26/09/2025 को दादर से रानी कमलापति यात्रा के दौरान हुआ। चोरी की अधिकांश संपत्ति बरामद विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी वीरेंद्र उर्फ गोलू को इटारसी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। कुल 1,46,000 की संपत्ति बरामद हुई।



**नर्मदापुरम।** एसएनजी स्टेडियम में आयोजित संत शिरोमणी श्रीरामजी बाबा मेले के तहत राज्य स्तरीय दंगल में दांव-पेंच दिखाते पहलवान, मुकाबले का आनंद लेते दर्शक।

## पुराने बस स्टैंड पर अब केवल 5 मिनट के लिए बसें रुकेंगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

यात्रियों और व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने फैसला लिया है कि अब पुराने बस स्टैंड पर बसें केवल 5 मिनट के लिए रुकेंगी। यह निर्णय शहर में पुराने बस स्टैंड को बंद करने के बाद उठे विरोध और मांगों के मद्देनज़र लिया गया है। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने यह निर्णय लिया, जबकि कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवानंद गुड्डन पांडे ने भी यात्रियों की यात्रा संबंधी समस्याओं का जायजा लिया। प्रशासन का कहना है कि इस कदम से न केवल आम यात्रियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय व्यापारियों को भी फायदा होगा। पुराने और नए बस स्टैंड के बीच यह व्यवस्था यात्रियों की सुविधा को और बढ़ाएगी।

## रेवा बनखेड़ी मार्ग में गड्ढे व शोल्डर में आईं दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर से ग्राम रेवा बनखेड़ी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा पक्का डामरीकृत व कहीं-कहीं सीमेंटीकृत मार्ग बनाया गया है। लेकिन मार्ग की स्थिति ठीक नहीं है। मार्ग में कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। कई जगह शोल्डर व सड़क के बीच दरारें बन गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के जिन एसडीओ के पास सड़क के देखरेख की जिम्मेदारी है, वे इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं।

रेवा बनखेड़ी रोड से लगे ग्रामों के नागरिकों ने बताया कि कई बार लोक निर्माण विभाग के क्षेत्रीय एसडीओ को फोन लगाया गया है। लेकिन साहब बस आश्वासन देते हैं और कार्य नहीं करते हैं। रेवा



बनखेड़ी निवासी जगदीश पटेल ने बताया कि उन्होंने कई बार अधिकारियों को सड़क की दरारों तथा गड्ढों की स्थिति से अवगत कराया है। लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण सड़क एवं शोल्डर के बीच की दरारें बढ़ रही हैं तथा गड्ढे भी बढ़ते जा रहे हैं।

## मुख्य बाजार की सड़क पर वाहन से दुकानों की सामग्री उतारने से नियमित लगता जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर के बाजार में यातायात बाधित होना तथा जाम लगना नियमित हो चुका है। बाजार की सड़क पर दोपहिया वाहनों की मनमानी पार्किंग सहित दुकानों की सामग्री उतारने लोडिंग वाहन बीच सड़क पर खड़े किये जाते हैं। देर तक सामग्री अनलोडिंग से सड़क पर जाम लगता है। पूरे सप्ताह इस अनलोडिंग का काम मुख्य बाजार की सड़क पर किया जाता है। सामग्री अनलोड करते वाहनों से यातायात बाधित होता है। नागरिकों की मांग है कि है बाजार की सड़क पर लोडिंग वाहन खड़ेकर की जाने वाली अनलोडिंग बंद की जानी चाहिए। वहीं पुराने थाने के पीछे स्थित रानी



लक्ष्मीबाई मंच के सामने का मैदान लोडिंग वाहनों के लिए चिन्हित किया जाना चाहिए। इससे लोडिंग एवं अनलोडिंग में सुविधा होगी तथा बार-बार जाम नहीं लगेगा। लेकिन समय बचाने के चक्कर में व्यापारी लोडिंग वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करवाते हैं। परिणाम स्वरूप बार-बार जाम लगता है। मामले में स्थानीय प्रशासन तथा बाजार बीट के पुलिसकर्मियों की लापरवाही पर भी नागरिकों में नाराजगी है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से ट्रैक्टर ट्राली भी बीच सड़क पर खड़ेकर किराना सामग्री भरी जाती है। इससे भी रोड पर जाम लगता है।

## आस्था की परीक्षा में खरे उतरे श्रद्धालु, गूंजे भोलेनाथ के जयकारे

### महादेव मेले में अपने आराध्य के दर्शन करने अपार जनसमूह पहुंच रहा चौरागढ़ मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते एवं अपने आराध्य के भजन गाते हुए श्रद्धालुगण अपनी मनोकामना की पूर्ति होने के पश्चात आस्था के प्रतीक बड़े-बड़े त्रिशूल अपने हाथों में लिए दुर्गम एवं कठिन रास्तों से चौरागढ़ मंदिर शिखर तक पहुंच रहे हैं। भक्तों का यह उत्साह रात्रि में भी कम नहीं हो रहा है। उनके उत्साह एवं भक्ति में किसी भी प्रकार की कमी नहीं देखी जा रही है। कड़कड़ाती ठंड और कठिन चढ़ाई के बाद भी मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने वाले भक्तो की कतार नही टूट रही है।

भक्त देर रात्रि तक शिखर स्थल चोरागढ़ पहुंच कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन का लाभ ले रहे है। मेले में खोया पाया केंद्र सक्रिय रूप से मेले में गुम हो जाने वाले व्यक्तियों की सहायता कर उन्हें उनके संबंधियों एवं परिजनों के सुपुर्द कर रहा है। प्रशासन द्वारा स्थापित किए गए खोया पाया केंद्र से पीए सिस्टम के माध्यम से निरंतर सूचनाओं का आदान-प्रदान श्रद्धालुओं को किया जा रहा है। भीड़ भाड़ में व्यक्तियों के गुम हो जाने पर खोया पाया केंद्र द्वारा



उन्हें उनके परिजनों से मिलवाया जा रहा है। गत दिवस सिवनी जिले के रहने वाले 8 वर्षीय बालक शौर्य नायक अपने परिवार से बिछड़ गया जिसे कंट्रोल रूम द्वारा उनके पिता से मिलवाया गया। इसी प्रकार कंट्रोल रूम के खोया पाया केंद्र द्वारा सहायता कर छिंदवाड़ा जिले की निवासी आशा राठौर को भी उनके भाई महेश राठौर से मिलवाया गया। कंट्रोल रूम 24 घंटे सतत रूप से श्रद्धालुओं की सहायता करने के लिए संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश अनुसार पूरा प्रशासनिक अमला मुस्तैदी से मेले की व्यवस्थाओं को संभाले हुए हैं। अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से पूरे मेला क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन एवं एसडीएम आकिप खान द्वारा निरंतर मेले का निरीक्षण किया जा रहा है। मेले के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए कलेक्टर द्वारा नियमित रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियमित मेले की समीक्षा की जा रही है।

पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच कर श्रद्धालुओं को सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक रूप से समझाइश दी जा रही है। यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा निरंतर वाहनों की जांच कर अवैध वसूली एवं अतिरिक्त किराया मांगने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। सुरक्षित एवं सुचारु यातायात सुनिश्चित करने के लिए पूरा पुलिस बल 24 घंटे अपनी सेवाएं दे रहा है। मेले में सर्वाधिक आवश्यक व्यवस्था स्वच्छता के लिए सफाई मित्र सुबह से ही सक्रिय हो जाते हैं। सफाई मित्रों द्वारा पूरे मेला स्थल पर विभिन्न स्थानों पर नियमित रूप से सफाई की जा रही है तथा कचरे का उचित एवं प्रभावी निष्पादन एवं प्रबंध सुनिश्चित किया जा रहा है जिससे भक्तों को स्वच्छ वातावरण की अनुभूति मिल सके।

## पचमढ़ी को मिलेगी ग्रीन टूरिज्म की नई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के मार्गदर्शन में पचमढ़ी को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सस्टेनेबल टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्रीन डेस्टिनेशन्स सर्टिफिकेशन एवं अवॉर्ड कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय ऑडिट कार्यशाला का आयोजन सोमवार को एमपीटी हाईलैंड होटल में किया गया। कार्यशाला में श्रीलंका (कोलंबो) से ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल के ऑडिटर चिंतना दुमिंदुहेवा ने पचमढ़ी का ग्रीन डेस्टिनेशन ऑडिट किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं पर्यटन से जुड़े हितधारकों से चर्चा कर आवश्यक जानकारियाँ प्राप्त की गईं। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के संयुक्त संचालक डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव सहित पर्यटन, वन, पुलिस, जिला प्रशासन, होटल एसोसिएशन एवं एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान जीएसटीसी मानकों, नामांकन प्रक्रिया एवं सर्टिफिकेशन से जुड़े पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई।इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। ग्रीन डेस्टिनेशन्स सर्टिफिकेशन मिलने से पचमढ़ी को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी और यह क्षेत्र सतत पर्यटन का एक आदर्श मॉडल बनेगा।

## कलेक्टर ने विभागीय लक्ष्यों की 100% पूर्ति के निर्देश दिए




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में सभी विभागीय योजनाओं, अभियानों, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को श्रमयोगी मानधन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का शीघ्र पंजीकरण सुनिश्चित करने, विशेष शिविर आयोजित करने और योजना का अधिकतम लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक सभी विभागों से शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति की मांग की।

उन्होंने राजस्व वसूली, पीएमएफएमई और पीएम स्वनिधि योजनाओं की प्रगति, जल जीवन मिशन तथा आयुष्मान कार्ड धारकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। संकल्प से समाधान अभियान के तहत आवेदन तेजी से प्राप्त करने और पोर्टल पर नियमित अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर, एडीएम और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पशुपतिनाथ मंदिर में शिवपुराण कथा के दूसरे दिन उमड़ा जनसैलाब


# शिवपुराण के श्रवण से कट जाते हैं पूर्वजन्मों के पाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद् शिवपुराण कथा के द्वितीय दिवस पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास देवी रत्नमणि द्विवेदी ने शिवपुराण के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल धार्मिक कथाओं का संग्रह नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला और मोक्ष का मार्ग है।

### पापों से मुक्ति व मनोकामना सिद्धि का मार्ग

कथा के दौरान देवी रत्नमणि ने बताया कि शिवपुराण का श्रवण करने से मनुष्य के न केवल इस जन्म के, बल्कि पूर्वजन्मों के पाप भी नष्ट हो जाते हैं। उन्होंने कहा, भगवान भोलेनाथ अत्यंत दयालु हैं और शीघ्र प्रसन्न होने वाले देवता हैं। जो भक्त सच्चे मन से शिवपुराण का पाठ या श्रवण करता है, उसकी विवाह, नौकरी और स्वास्थ्य संबंधी बाधाएं स्वतः ही दूर हो जाती हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि निःसंतान



दंपत्तियों के लिए यह कथा संतान प्राप्ति का आशीर्वाद लेकर आती है।

### आधुनिक विज्ञान और शिवपुराण का मेल

देवी रत्नमणि ने कथा को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जोड़ते हुए कहा कि शिवपुराण एक आधुनिक वैज्ञानिक ग्रंथ है। इसके सिद्धांत वर्तमान विज्ञान, विशेषकर क्वांटम मैकेनिक्स से मेल खाते हैं। यह ग्रंथ घर से नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त कर सुख-शांति और सकारात्मकता का संचार करता है।

### रुद्र यज्ञ और रुद्राक्ष वितरण

पशुपतिनाथ मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी यह भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के साथ-साथ परिसर में रुद्र यज्ञ और रुद्राक्ष वितरण का कार्यक्रम भी चल रहा है, जिसका लाभ बड़ी संख्या में श्रद्धालु उठा रहे हैं। कथा के मुख्य यजमान मेहरबान सिंह चौहान ने क्षेत्र की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। गौरतलब है कि इस कथा का शुभारंभ रविवार को एक विशाल एवं भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ था। आज के कार्यक्रम में पशुपतिनाथ मंदिर समिति के सदस्य, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे पूरा माहौल शिवमय हो गया।

## बच्चे परीक्षा में रहें निडर व आत्मविश्वासी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं में भाग लेने से पहले प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा केवल एक पड़ाव है, जीवन का अंतिम निर्णय नहीं। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की कि वे तनावमुक्त, सकारात्मक और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल हों। कलेक्टर सोनिया मीना ने परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि यह परीक्षा सिर्फ एक पड़ाव है, विद्यार्थियों के भविष्य का अंतिम निर्णय नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि परीक्षा का परिणाम यह तय नहीं करता कि आप जीवन में कितनी



सफलता अर्जित करेंगे, बल्कि आपकी मेहनत इस बात को निर्धारित करती है। सफलता और असफलता जीवन का हिस्सा हैं एवं कभी भी स्थिर नहीं रहती है।

कलेक्टर ने कहा कि बच्चो को सिखाने के अलावा उनका मनोबल बढ़ाना भी हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा की निश्चित ही 10 और 12 वो की बोर्ड परीक्षाएं बहुत ही महत्वपूर्ण होती है तथा बच्चो में इसको लेकर तनाव भी होता है। एसी परिस्थिति में बच्चो को नियमित काउंसिल कर उन्हें उचित मार्गदर्शन देते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी तनाव मुक्त रह कर, प्रसन्न रह कर और स्वस्थ रहकर परीक्षा ने सम्मिलित हों।

सभी बच्चे अपनी क्षमता पर विश्वास रखें, सकारात्मक सोच बनाए रखें और पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ मेहनत करें और बिना किसी मानसिक दबाव के परीक्षा दें। इस दौरान पढ़ाई या किसी अन्य विषय में कोई समस्या या उलझन हो, तो इसे अपने माता-पिता, भाई-बहन, शिक्षकों या दोस्तों से अवश्य साझा करें। कलेक्टर ने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों को तनावमुक्त रखने के लिए प्रोत्साहित करें।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज

**हरदा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 10 फरवरी को होगी। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन ने बताया कि यह बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह की अध्यक्षता में 10 फरवरी को जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 3 बजे आयोजित की गई है। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यो की समीक्षा की जाएगी।

### युवा संगम रोजगार मेला 12 को

**हरदा।** निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये शासकीय आईटीआई हरदा में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले युवा संगम का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह मेला 12 फरवरी को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में बेरोजगार युवक युवतियों की भर्ती की जायेगी। इस रोजगार मेले में 5 वी, 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक व स्नातकोत्तर उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के युवा भाग ले सकते है।

### सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर प्रतिबंधात्मक आदेश

**हरदा।** आगामी हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षाओं के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता को बनाये रखने के लिये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 इंटरनेट तथा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर परीक्षा संबंधी भ्रामक संदेशों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश अनुसार कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, वाटसएप, एक्स, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम आदि के माध्यम का दुरूपयोग कर परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के प्लेटफार्म के माध्यम से आपत्तिजनक एवं भ्रम फैलाने वाले संदेश, फोटो ऑडियो एवं वीडियो इत्यादि को न ही प्रसारित करेगा और न ही कमेंट, लाइक या फारवर्ड करेगा। किसी भी ग्रुप के एडमिन की यह जिम्मेदारी होगी वह कि किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं भ्रम फैलाने वाले संदेशों को प्रसारित होने से रोकेगा। कोई भी व्यक्ति अथवा समुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नहीं करेगा, जिससे किसी व्यक्ति, संस्था, संगठन अथवा समुदाय आदि को एक स्थान पर, एक राय होकर जमा होंगे, कोई विशेष कार्य करने एवं गैर कानूनी गतिविधियां करने का आव्हान किया गया हो, जिससे कानून शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना हो।यह आदेश 10 फरवरी से 10 अप्रैल 2026 तक प्रभावशील रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### करणी सेना के आंदोलन के आगे झुका प्रशासन

**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में करणी सेना परिवार के कड़े रुख के बाद पुलिस प्रशासन को अंततः झुकना पड़ा है। प्रशासन ने जावर थाना प्रभारी नीता देयारवाल को लाइन अटैच कर दिया है। इसके बाद करणी सेना परिवार के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर जानकारी दी।

---

सामाजिक सहायता योजनाओं में हितग्राहियों की शिकायतों का समाधान किया जाए

# नेटवर्क विहीन क्षेत्रों के शिक्षकों को ई-अटेंडेंस से मुक्त रख वेतन भुगतान करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले के नेटवर्क विहीन क्षेत्रों के शिक्षकों को ई-अटेंडेंस से मुक्त कर वेतन भुगतान करने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि शिक्षकों का बगैर किसी उचित कारण के वेतन न रोका जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा के दौरान सौ दिवस से अधिक लंबित शिकायतों एवं नान अटेंडेड शिकायतों की स्थिति पर कलेक्टर द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। टिमरनी एवं रहटगांव तहसील में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में कमजोर प्रदर्शन पाये जाने पर कलेक्टर ने एसडीएम टिमरनी से कहा कि वे स्वयं इन शिकायतों की मॉनिटरिंग करें एवं गुणवत्ता के साथ शिकायतों का निराकरण कराएं। सामाजिक सहायता योजनाओं से संबंधित लंबित शिकायतों को भी कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। उप संचालक सामाजिक न्याय को निर्देश दिये गये कि सामाजिक सहायता योजनाओं में पूरी संवेदनशीलता के साथ हितग्राहियों की शिकायतों का समाधान किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजनाओं से पेयजल पर निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि कहीं भी दूषित जल की आपूर्ति न हो, यह ध्यान रखा जाए। जिले के शहरी क्षेत्रों को कचरा मुक्त बनाने की दिशा में कदम उठाते हुए सारी दुकानों पर आवश्यक रूप से डस्टबिन रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सुबह के समय नगरीय क्षेत्रों का भ्रमण कर दुकानों में डस्टबिन का रखा जाना सुनिश्चित कराएं।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान में प्राप्त हो रहे आवेदनों की ऑनलाइन एंट्री एवं फार्मर रजिस्ट्री की भी समीक्षा की गई। राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा के दौरान नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती एवं रास्ता विवाद से संबंधित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें एवं समय सीमा में प्रकरण निराकृत हो, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में कलेक्टर द्वारा राजस्व वसूली पर भी जोर दिया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



सोमवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने हरदा के विकास नगर स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह भी उनके साथ मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने क्लीनिक में आवश्यक दवाओं के स्टॉक और उनके वितरण की जानकारी ली। उन्होंने डॉ. पूजा अहिरवार से गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, हीमोग्लोबिन जांच और अनमोल ऐप पर उनकी एंट्री की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जैन ने क्लीनिक में आए मरीजों और उनके परिजनों से बात कर मिल रहे उपचार और स्टाफ के व्यवहार के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने उपस्थित गर्भवती आँचल गुप्ता से उनकी जांच, हिमोग्लोबिन और टीकाकरण की जानकारी ली। मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओ का पंजीयन करने एवं आयरन सुक्रोज लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने एपीएम डॉ. मदन मोहन मालवीय से क्लीनिक परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और परिसर में प्लांटेशन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संस्था में पदस्थ अधिकारी एवं पेरामेडिकल स्टाफ को नियमित रूप से सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही किये गये कार्यो को पोर्टल पर तत्काल एन्ट्री करने के निर्देश दिये।

---

फिल्म 'घूसखोर पंडित' का विरोध

## ब्राह्मण समाज ने विरोध प्रदर्शन कर फिल्म का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

ओटीटी पर रिलीज होने जा रही फिल्म 'घूसखोर पंडित' के विरोध में हरदा में ब्राह्मण समाज ने प्रदर्शन किया। सोमवार को समाज के लोग सड़क पर उतरे और फिल्म के नाम तथा संवादों को आपत्तिजनक बताते हुए विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों ने शहर के परशुराम चौक पर फिल्म का पुतला फूंका। इसके बाद वे कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां शंख बजाकर विरोध जताया। समाज के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा, जिसमें फिल्म पर रोक लगाने की मांग की गई। सर्वब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष सुनील तिवारी ने कहा कि यह प्रदर्शन सरकार और प्रशासन को जगाने के लिए किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि फिल्म इसी नाम से या नाम बदलकर भी रिलीज की गई, तो समाज सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने कहा कि शंख बजाकर उन्होंने युद्ध का आगाज कर दिया है। उनका कहना था कि यदि फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। समाज का मानना है कि बार-बार सनातन धर्म की आस्था पर हमला किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर वे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। परशुराम सेना के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष सुधीर शर्मा ने बताया कि यह फिल्म एक विशेष वर्ग को बदनाम करने का प्रयास है, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। इसी वजह से फिल्म के नाम और कंटेंट को लेकर तीखा विरोध किया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि फिल्म 'घूसखोर पंडित' में एक ऐसे किरदार को दिखाया गया है, जो धार्मिक पहचान से जुड़ा हुआ है और उस पर भ्रष्टाचार जैसे आरोप दर्शाए गए हैं। फिल्म के नाम और कथानक के जरिए पंडित समाज और सनातन धर्म की छवि को गलत तरीके से पेश किया गया है। समाज का कहना है कि फिल्म के ट्रेलर में मनोज बाजपेयी को पुलिस वर्दी में घूसखोर पंडित के रूप में दिखाया गया है। यह सीधे तौर पर उच्च पदों पर कार्यरत ब्राह्मण अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भ्रष्ट सिद्ध करने का प्रयास है। इसे केवल एक फिल्मी प्रस्तुति नहीं, बल्कि एक पूरे समुदाय और सरकारी तंत्र में कार्यरत ब्राह्मण अधिकारियों की छवि पर हमला माना जा रहा है।

---

## भाटपरेटिया में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर का समापन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. संगीता बिले के मार्गदर्शन में ग्राम भाटपरेटिया में आयोजित विशेष आवासीय शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय विधि महाविद्यालय, हरदा के प्राचार्य एवं स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदा के प्रशासनिक अधिकारी व्ही. के. विछोतिया उपस्थित रहे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में बसंत सिंह राजपूत, ग्राम पंचायत भाटपरेटिया के सरपंच सर्वेश शर्मा, सचिव बबली तोमर व तिलकराज शर्मा शामिल हुए। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ होने के पश्चात एन एस एस बैज लगाकर अतिथियों एवं ग्रामवासियों का स्वागत किया गया।

छात्र इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सुमित शर्मा ने सात दिवसीय शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर के बौद्धिक सत्रों में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल में पदस्थ युवा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा, जिला संगठक डॉ. अरुण कुमार सिकरवार एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीत काशिव सहित विषय विशेषज्ञों ने पधारकर शिविरार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विछोतिया ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक तिलकराज शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीष व मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में बसंत सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन से सभा में ऊर्जा का संचार किया। नीलेश शर्मा ने बालिकाओं के सशक्तिकरण संबंधी विचार व्यक्त किए।


इस अवसर पर डॉ. आशा गायकवाड़ व राजेश कुमार गौर के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति एवं सोशल मीडिया के दुष्परिणामों जैसे विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन किया व आदिवासी संस्कृति को दर्शाते हुए सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का नेतृत्व लेदाराम, पंकज, अंकिता व प्रीति ने किया। राधिका ने मीडिया प्रभारी का दायित्व निभाया एवं श्रम कार्य का नेतृत्व संतोष व पारस ने किया। अतिथियों द्वारा शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र, पदक एवं शील्ड प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। एन एस एस के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी मनीषा चौहान द्वारा अतिथियों, ग्रामवासियों, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं शिविरार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। शिविर में रामदास गौर, शिवनारायण गौर, विवेक शर्मा व अमूल शर्मा सहित ग्रामवासी, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. राकेश सिंह परस्ते, डॉ. देवेंद्र सिंह रोड़गे, डॉ. यशवंत अलावा, मनीष परसाई, अजय बिलारे, रीना मालवीय, आयुषी सिसोदिया, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. प्रियंका राय आदि मौजूद रहे।

---

वनांचल क्षेत्र बड़झिरी में निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

## 146 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 52 मरीजों को भोपाल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव




वनांचल क्षेत्र के ग्राम बड़झिरी में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किया गया। इस कैम्प में बड़झिरी लाखादेह, बोबदा, बांसपानी, इन्दपुरा, चूरनी, बापचा, रातामाटी, जड़काऊ आदि गांवों के 146 लोगों का डॉ चेतनसिंह डॉ रक्ष्मी वर्मा डॉ अंजली यादव डॉ रिया मथूर डॉ आशंका शर्मा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। मोतियाबिंद,आंखों के ऑपरेशन और अन्य बीमारियों के 52 मरीजों को भोपाल में उपचार के लिए रवाना किया गया। अस्पताल के पीआरओ रघुवीर सिंह चौधरी, ब्रज गोपाल बैरागी का विशेष सहयोग रहा। बताया कि मरीजों का आयुष्मान कार्ड से निशुल्क इलाज होगा और जिनके पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उनका भी निःशुल्क उपचार किया जायेगा और रहने,खाने की व्यवस्था की जाएगी। उपचार के पश्चात मरीजों को उनके गांव तक पहुंचाने की भी व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान हरिओम पटेल, गयाप्रसाद पांडे, सतीश इवने, सतशरण खरे सहित अन्य वरिष्ठगण उपस्थित रहे।

---

## दुकान में चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सिटी कोतवाली पुलिस ने जोशी कॉलोनी में हुई दुकान चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले एक कबाड़ी को भी पकड़ा है। आरोपियों के पास से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है। एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि 31 जनवरी को शहर की जोशी कॉलोनी स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर चोरी की गई थी। चोरों ने वहां से ट्रक की लोहे की डिस्क, जैक, कमानी और बर्तन चुराए थे। वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस ने संदेही बंटी (पिता अशोक कनाडे, 23 वर्ष, निवासी संजय नगर, खंडवा) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपने साथी राजकुमार के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया। बंटी ने बताया कि चोरी किया गया सामान हरदा के संजय वार्ड निवासी कबाड़ी लियाकत हुसैन उर्फ गुड्डा कबाड़ी (70 वर्ष) को बेचा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का माल बरामद कर लिया है।





---

## सेमिस्टर और बोर्ड परीक्षाओं को लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने आगामी सेमिस्टर और बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के प्रावधानो के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश आज 10 फरवरी से 10 अप्रैलतक प्रभावी रहेगा। जारी आदेश अनुसार संपूर्ण हरदा जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार के चल समारोहों में तेज गति के ध्वनि विस्तारक यंत्र (डीजे साउंड) पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे।

विशेष समारोहों में भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बंद कमरों में और निर्धारित डेसीबल सीमा के भीतर ही किया जा सकेगा। आवश्यक होने पर, संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी से निर्धारित डेसीबल पर उपयोग के लिए अनुमति लेनी होगी। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मध्य प्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### परीक्षा केंद्रों के आसपास प्रतिबंधात्मक आदेश

आगामी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षाओं के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचिता को बनाये रखने के लिये भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेश अनुसार परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों के समूह के एकत्रित होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन धारा 233 भारतीय दण्ड विधान अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आयेगा तथा उल्लंघनकारियों के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

---

स्वच्छ ऊर्जा, समृद्ध किसान की दिशा में प्रभावी पहल

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संचालित नवीन राष्ट्रीय बायोगैस एवं मैन्योर मैनेजमेंट प्रोग्राम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम करने तथा गोबर एवं जैविक अपशिष्टों के वैज्ञानिक प्रबंधन को प्रोत्साहित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अंतर्गत परिवार आधारित बायोगैस संयंत्रों की स्थापना पर शासकीय अनुदान प्रदान किया जाता है, जिससे ग्रामीण परिवारों को रसोई गैस जैसी स्वच्छ ऊर्जा के साथ-



साथ उच्च गुणवत्ता की जैविक खाद भी प्राप्त होती है। योजना पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा किसानों की लागत कम कर आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सीहोर जिले के ग्राम बिलकिसगंज निवासी किसान अजब सिंह मेवाड़ा भी उन किसानों मे से एक हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ मिला है। किसान श्री मेवाड़ा ने योजना के अंतर्गत 03 घनमीटर क्षमता का बायोगैस संयंत्र स्थापित कराया, जिसके लिए उन्हें शासन की ओर से 14,350 रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई। संयंत्र स्थापित होने के बाद उनके परिवार को प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में बायोगैस उपलब्ध हो रही है, जिसका उपयोग वे अपने रसोईघर में भोजन बनाने के लिए कर रहे हैं। अब उन्हें गैस सिलेंडर खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ रही, जिससे घरेलू खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है और ईंधन की समस्या से भी राहत मिली है। संयंत्र से निकलने वाली स्लरी का उपयोग श्री मेवाड़ा जैविक खाद के रूप में अपने खेतों में कर रहे हैं। इस खाद के उपयोग से खेतों की उर्वरता में सुधार हुआ है, खरपतवार की समस्या कम हुई है तथा फसल उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटने से खेती की लागत कम हुई है।

---

## सौगात मिली: अब सीहोर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी अहमदाबाद, मुंबई बांद्रा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय के रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। लंबे समय से प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे सीहोर वासियों की मुराद पूरी हो गई है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीहोर रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज को स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेलवे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब सीहोर स्टेशन पर इन ट्रेनों का नियमित स्टॉपेज रहेगा, जिनमें अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19489/19490) और मुंबई बांद्रा-गोरखपुर हमसफर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 19091/19092) शामिल हैं। इन ट्रेनों के ठहराव का श्रेय क्षेत्रीय सांसद आलोक शर्मा के विशेष प्रयासों को दिया जा रहा है। सांसद शर्मा ने क्षेत्र की जनता की मांग को देखते हुए रेल मंत्रालय और व्यक्तिगत रूप से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर सीहोर में इन ट्रेनों के ठहराव का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। अब तक सीहोर के यात्रियों को इन ट्रेनों को पकडऩे के लिए भोपाल या अन्य बड़े स्टेशनों पर जाना पड़ता था।

